हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 30 दिसंबर 2025

04 आधुनिक भारत के निर्माण में कांग्रेस की...



07 बोवनी होते ही बड़ा खाद का संकट आक्रोशित...





## खबर संक्षेप

### पूर्व पार्षद अरविंद गुप्ता को दी जन्मदिन की बधाइयां

**गुना।** 6 महीने पूर्व वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व पार्षद अरविंद गुप्ता के पिताजी के देवलोकगमन होने के कारण वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व पार्षद अरविंद गुप्ता ने अपना जन्मदिन हमेशा की तरह नहीं बनाया । फिर भी लोगो का सुबह से जन्मदिन की बधाई देने का ताता लगा ही रहा सुबह से ही जन्मदिन की बधाई देने का शहर वासियो का घर पर आना जाना लगा हुआ है ।

### अंत्योदय से राष्ट्र निर्माण तक भाजपा का संकल्प- सिकरवार

**गुना।** भारतीय जनता पार्टी अंत्योदय के मंत्र को आधार बनाकर योजनाएं तैयार करती है और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का कार्य करती है। जब योजनाओं का लाभ सीधे हितग्राही तक पहुँचता है और उसके जीवन में सकारात्मक बदलाव आता है, तभी दीनदयाल जी का स्वप्न साकार होता है। ये बात भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने बमौरी विधानसभा के झागर मंडल के दो शक्ति केंद्रों की बूथ समितियों की बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश में चल रही डबल इंजन की सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से समाज के हर वर्ग के लोगों को फायदा मिल रहा है। भाजपा संकल्प,सेवा और समर्पण के लिए प्रतिबद्ध-सिसोदियापूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने कहा कि प्रदेश में हो रहे विकास कार्य प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को साकार कर रही है।

### स्किल्ड होने से रोजगार और प्रगति सुनिश्चित होगी, डिग्रियों से नहीं

# सादा जीवन जीने वाले मानसिक रूप से अधिक स्वतंत्र और तनाव मुक्त होते हैं: पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



स्किल्ड होने से रोजगार और प्रगति सुनिश्चित होगी, डिग्रियों से नहीं। सादा जीवन जीने वाले व्यक्ति मानसिक रूप से अधिक स्वतंत्र और तनाव मुक्त होते हैं। यह विचार पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने यहां के आरएलएम ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन के कार्यक्रम फेस्टोपिया-2.0 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास पहुंच कर स्वागत समारोहों में एकत्रित कंबल तथा स्टेशनरी सामग्री छात्राओं को वितरित की तथा मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों के लिए हेलीपेड व सभा स्थल का निरीक्षण किया।


फेस्टोपिया-2.0 में उपस्थित हजारों छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि कार्यक्रम की अच्छी प्रस्तुतियां देखने से यहां के बच्चों की प्रतिभा और कॉलेज के शैक्षणिक मापदंड का पता चलता है। महाविद्यालय अपने शहर में खुरई में शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि 2025 का वर्ष समाप्त हो रहा है और 2026 का वर्ष एक जनवरी से प्रारंभ होगा। मैं सभी छात्र-छात्राओं से यह कहना चाहता हूं कि 2025 की हमारी उपलब्धियां क्या हैं, हमने क्या उपलब्धि हासिल कीं, 2025 में कहां पर हम मुस्कुराए, कहां पर हम जीते, किसे हमने माफ किया,सबसे ज्यादा खुशी और बेफिक्री कब महसूस की इसका आकलन करें। खुद से पूछें बीते साल में कब खुश हुए, खुशी किस के साथ से मिली थी या पसंद की जगह पर मिली। यह आकलन समझाएगा कि अगला साल कैसे जीना वह कहती है। किस चीज ने आपको सबसे ज्यादा ऊर्जा दी और किस चीज ने उसे खत्म किया इसका आकलन करें, सिर्फ यह न सोचें कि आपके साथ क्या हुआ। एक ही घटना से गुजरे दो लोगों का अनुभव अलग हो सकता है।

उन्होंने कहा कि विद्या ही किसी व्यक्ति को पूजनीय बनाती है। इसलिए विद्या का मूल्य समझें, समय निकल जाएगा तो बाद में पछताने के सिवाय कुछ बचेगा नहीं। उन्होंने कहा कि आज की शिक्षा सिर्फ डिग्रियों से उपयोगी नहीं होती। आपके स्किल्ड होने से आपका रोजगार और प्रगति सुनिश्चित होगी। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने बताया कि अमेरिका ब्रिटेन जो एक समय एमबीए का हब होते थे। हमारा भारत देश है अब एमबीए का नया हब है। भारत में 26:की बढ़ोतरी एमबीए में हुई है। एशियाई देशों में किए जाने वाले आवेदनों में भी सबसे बड़ी संख्या भारत की है। वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में भारत के 54 संस्थाओं को शामिल किया गया है यह भारत के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। अनेक बड़ी विदेशी शैक्षणिक संस्थाओं ने भारत के गुजरात में अपने कैंपस खोले हैं। भारत से भी तंजानिया में आईआईटी मद्रास और यूएई में आईआईटी दिल्ली ने अपने कैंपस स्थापित किए हैं। कई बार बच्चों को लगता है कि विदेश में ज्यादा अच्छी शिक्षा है पर आज पूरी दुनिया भारत की तरफ देख रही क्योंकि दुनिया का सबसे युवा देश जिसकी 60: पापुलेशन यूथ है।

पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों कहा कि आज भारत दुनिया का डिजिटल हब है जहां सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डाटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में करियर की अपार संभावनाएं हैं। ग्लोबल कंपनियों में जो एक्सपर्ट है वह भारत में भी अपनी डाटा सर्विसेज का विस्तार करें क्योंकि यह तकनीकी कौशल रखने वाले युवाओं के लिए वेतन और विकास बहुत ऊंचा है। उन्होंने बताया कि कंटेंट क्रिएशन, कंटेंट क्रिएशन, डिजिटल मार्केटिंग और ग्राफिक डिजाइनिंग जैसे क्षेत्रों में युवाओं ने क्रांति ला दी है।ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर रेनूवल एनर्जी जैसे अनेक संभावना वाले सेक्टर हैं। उन्होंने कहा कि हमारा भारत दुनिया की सबसे बड़ी फार्मेसी है पूरी दुनिया में दवाइयां भारत से जाती हैं। इसलिए फार्मेसी मेडिकल रिसर्च फार्मास्यूटिकल और बायोटेक्नोलॉजी में करियर के बेहतरीन विकल्प मौजूद हैं। स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता से वेलनेस और फिटनेस सेक्टर भी एक बड़े करियर स्कोप के रूप में स्थापित हुआ है। अब भारत में खेल केवल अब मनोरंजन नहीं है बल्कि एक पेशेवर कैरियर बन चुका है। अभी अपने बुंदेलखंड की छतरपुर की क्रांति गौंड ने किसने महिला वर्ल्ड कप में भारत को विजय दिलाई है।

उन्होंने कहा कि अब वकीलों की भूमिका अदालतों से बढ़कर कॉर्पोरेट बार रूम तक पहुंच गई है। भौतिक संपदा अधिकार, आईटी और साइबर कानून, अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानून में विशेषज्ञ रखने वाले युवाओं की भारी मांग मतलब ल है। जो लोग एलएलबी कर रहे हैं, बेहतरीन तर्क शक्ति और न्याय के प्रति गहरी समझ जो रखते हैं उनके करियर में आगे बहुत बड़ा स्कोप है। भारतीय टेक्सटाइल पूरी दुनिया में अपनी पहचान बना रहा है। अब केवल कपड़े डिजाइन करना ही नहीं बल्कि सस्टेनेबल फैशन एसेसरीज डिजाइनिंग और फैशन कम्युनिकेशन में भी करियर के अवसर हैं। अपनी क्रिएटिविटी के दम पर युवा अपने खुद के ब्रांड स्थापित कर रहे हैं।

कार्यक्रम को संस्था की चेयर पर्सन कमला नायक एवं ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। बोर्ड आफ डायरेक्टर परख नायक ने भी संबोधित किया। संचालक डा प्रमोद नायक ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में एसडीएम मनोज चौरसिया, सीएमओ राजेश मेहतेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल चौधरी, श्रीमती शशि नायक, पुनीत नायक, वैष्णवी गणमान्य जन, हजारों की संख्या में विद्यार्थी तथा अभिभावक उपस्थित रहे।





## सागर दमोह रोड पर भीषण हादसा, बेकाबू डंपर ने पहले फोरव्हीलर और ट्रक को टक्कर मारी



**गढाकोटा।** सागर जिले के बहेरिया गढ़ाकोटा रोड पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक डंपर चालक घायल हुआ लेकिन हादसे की वजह से यहां पर करीब 2 किलोमीटर लंबा जाम लग गया करीब डेढ़ घंटे तक इसी तरह हालत बनी रहे सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची जिसे पहले घायल को अस्पताल भिजवाया इसके बाद क्रेन बुलवाकर डंपर को रोड से साइड में करवाया तब जाकर यातायात को बहाल किया जा सका। सानौधा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा बरपानी गांव के पास घाटी पर हुआ था जहां एक फोर व्हीलर दमोह की तरफ से सागर की ओर आ रही थी इसी दौरान एक तेज रफ्तार डंपर ने इस फोर व्हीलर को पीछे से टक्कर मार दी टक्कर लगते ही यह कार सड़क के नीचे उतरते ही खाई में पहुंच गई थी लेकिन गनीमत रही की फोर व्हीलर में सवार कोई भी घायल नहीं हुआ। इधर डंपर ने जब टक्कर मारी तो यह सामने से आ रहे डंपर में भी टकरा गया जिसकी वजह से एक डंपर चालक घायल हुआ था इसमें डंपर एक दमोह की तरफ से आ रहा था और दूसरा सागर की तरफ से जा रहा था इन दोनों की आमने-सामने से टक्कर हो गई थी। सड़क पर हादसा होने की वजह से रोड पूरा ब्लॉक हो गया था यहां से वाहन नहीं निकल पा रहे थे फिर पुलिस ने मेहनत करके यातायात को सुचारू रूप से चालू करवाया। सानौधा थाना प्रभारी भरत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया बरपानी गांव के पास हादसा होने की सूचना मिली थी जिसमें एक व्यक्ति घायल है उसको इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया पर ट्रैफिक को क्लियर करके जाम हटाया गया।

## नगर निगम ने एलीवेटेड कॉरिडोर पर दोनों ओर जाली लगाने का कार्य किया प्रारंभ, बढ़ेगी नागरिकों की सुरक्षा

**सागर।** महापौर संगीता तिवारी की पहल पर नगर निगम द्वारा नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए ऐतिहासिक सागर झील पर बने एलीवेटेड कॉरिडोर पर जाली लगाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। यह कार्य लंबे समय से एलिवेटेड कारीडोर पर हो रही दुर्घटनाओं एवं नागरिकों द्वारा व्यक्त की जा रही चिंताओं को ध्यान में रखकर जनहित को दृष्टिगत रखते हुए किया जा रहा है। सोमवार को महापौर संगीता सुशील तिवारी ने एलिवेटेड कारीडोर पहुंचकर जाली लगाने के कार्य का जायजा लिया और नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य को समय सीमा में पूर्ण गुणवत्ता से किया जाए तथा कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो इसका ध्यान रखें। इस दौरान उन्होंने तालाब का निरीक्षण कर घाटों की सफाई कराने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है, एलीवेटेड कॉरिडोर पर जाली लगने से न केवल दुर्घटनाओं में कमी आएगी बल्कि लोग अधिक सुरक्षित एवं निश्चिंत होकर इस मार्ग का उपयोग कर पैदल भी चल सकेंगे। नगर निगम द्वारा शुरू किया गया यह महत्वपूर्ण कार्य नागरिकों की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा, जिससे आने वाले समय में सागर के नागरिकों को एक सुरक्षित यातायात सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।उल्लेखनीय है कि विगत कई माह से एलीवेटेड कॉरिडोर पर दुर्घटनाओं की घटनाएं सामने आ रही थीं, जिससे आम नागरिकों में भय का माहौल था। इस समस्या को लेकर क्षेत्रीय नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा महापौर संगीता सुशील तिवारी को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई थी कि कॉरिडोर के दोनों ओर जाली लगाकर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। नागरिकों की इस जनहितकारी मांग को गंभीरता से लेते हुए महापौर संगीता सुशील तिवारी ने बजट में प्रावधान करवाकर एम.आई.सी. की बैठक में विषय को रखा तथा उसे नगर निगम परिषद की बैठक में स्वीकृति हेतु भेजा।नगर निगम परिषद की बैठक में सभी पार्षदों ने सर्वसम्मति से एलीवेटेड कॉरिडोर पर जाली लगाने के प्रस्ताव को पारित किया और परिषद की स्वीकृति के उपरांत नगर निगम द्वारा कार्यवाही करते हुए जाली लगाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

# लोटस पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




लोटस पब्लिक स्कूल, सिरोंजा सागर में स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञानप्रदर्शनी का सफल आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना, नवाचार को प्रोत्साहित करना और प्रयोगात्मक शिक्षा को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. अनिल तिवारी, भारतीय स्त्री शक्ति की मध्यप्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रतिभा तिवारी, अनिद्ध डीम्हा ओआरसी, राघवेन्द्र सिंह ठाकुर बी.ए.सी. द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर डॉ. अनिल तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि, मैं सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ कि वे इसी उत्साह और जिज्ञासा के साथ आगे बढ़तेरहें। शिक्षकों और अभिभावकों का भी आभार, जिन्होंने बच्चों को प्रेरित किया और मार्गदर्शन दिया। आज इस विज्ञान प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर मुझे अत्यंत हर्ष हो रहा है। यह अवसर केवल एक प्रदर्शनी नहीं है, बल्कि हमारे बच्चों की जिज्ञासा, कल्पनाशीलता और नवाचार का उत्सव है। इसी क्रम में डॉ. प्रतिभा तिवारी ने कहा कि, यहाँ प्रदर्शित प्रत्येक मॉडल और प्रयोग बच्चों की मेहनत, लगन और वैज्ञानिक सोच का प्रमाण है। यह देखकर गर्व होता है कि हमारे नन्हे वैज्ञानिक भविष्य की चुनौतियों को समझने और समाधान खोजने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। भारत का भविष्य तभी उज्ज्वल होगा जब हमारे बच्चे विज्ञान और तकनीक में अग्रणी बनेंगे। अनिरूद्ध डीम्हा ने कहा कि, विज्ञान केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा है। आज चाहे बिजली हो, इंटरनेट हो, मोबाइल हो, चिकित्सा हो या अंतरिक्ष अनुसंधान हो ये सब विज्ञान की ही देन हैं। राघवेन्द्र सिंह ठाकुर ने कहा कि, आज की यह प्रदर्शनी आने वाले कल के वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और नवप्रवर्तकों की नींव है। हमें बच्चों को प्रोत्साहित करना चाहिए कि वे प्रयोग करें, असफल हों, और फिर से प्रयास करें। असफलता ही सफलता की सीढ़ी है। प्रदर्शनी में सभी विद्यार्थियों ने विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल एवं प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। इनमें पर्यावरण संरक्षण, अक्षय ऊर्जा, रोबोटिक्स, जल संरक्षण, अंतरिक्ष विज्ञान और आधुनिक तकनीकी नवाचार जैसे विषयों पर आकर्षक प्रदर्शन शामिल थे। विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और अभिभावकों ने बच्चों की रचनात्मकता की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में उत्ष्ट प्रोजेक्ट प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया। लोटस पब्लिक स्कूल की विज्ञान प्रदर्शनी ने यह सिद्ध किया कि सागर के विद्यार्थी विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ छूने के लिए तैयार हैं। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अनिल तिवारी द्वारा मेधावी छात्रों को शील्ड़ व प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

कार्यक्रम का संचालन आलोक पाठक व डॉ. स्नेहा पाठक ने किया व आभार स्कूल की संचालिका डॉ. स्नेहा पाठक ने माना। इस अवसर पर नेहा तिवारी, दीक्षा दुबे, नैनसी तिवारी, अर्पिता पाराशर, वन्दना खरे, सुनीता पाण्डे, संध्या दुबे, काजल जैन, स्नेहा जैन, रवीना दुबे, स्मिता दुबे, प्रियंका राजपूत, वर्षा अवस्थी, खुशी सोनी, मिनाक्षी दुबे, प्रहलाद पटेल आदि उपस्थित रहे।



## आरजीपीवी राज्यस्तरीय हेंडबॉल प्रतियोगिता में ग्वालियर और भोपाल विजयी

**सागर।** ज्ञान सागर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, में राज्यस्तरीय हेंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल के शुभारंभ में विशेष अतिथि पंचमलाल सनोडीया सहायक रजिस्ट्रार रानी अवंतीबाई विष्वविद्यालय सागर एवं संस्था के प्राचार्य डॉ आर.के. जैन ने खिलाड़ीयों से मिलकर एवं ओथ सेरमेनी के साथ प्रतियोगिता की शुरूवात की। क्रीडा परिसर में जिसमे सभी 07 नोडल के 175 छात्र एवं छात्राओं नें हेंडबॉल प्रतियोगिता में अपने खेल एवं स्किल का प्रदर्षन किया । जिसमें छात्र वर्ग में ग्वालियर एवं भोपाल की टीमों ने फाइनल में जगह बनाई जिसमें ग्वालियर की टीम ने तगड़े मुकाबले में 19-18 से भोपाल की टीम को हराकर राज्यस्तरीय छात्र हेंडबॉल प्रतियोगिता का फाइनल जीता । एवं छात्रा वर्ग में सागर एवं भोपाल की छात्राओं के बीच फाइनल खेला गया जिसमे भोपाल की टीम नें सागर की टीम को 02-01 से करारी शिकश्त देकर राज्यस्तरीय ट्राफी अपने नाम की। ज्ञान सागर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में यह पन्द्रहवां राज्यस्तरीय खेल आयोजन किया गया था। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अशोक बामोरा ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया एवं विजेता टीम को बधाई दी साथ ही कहा कि जीत के साथ साथ हार भी लगी रहती है एवं हार से सीख कर हमें जिंदगी में आगे बढ़ने की प्रेरणा लेनी चाहिए। संस्था के डायरेक्टर रितुल सराफ ने मुख्य अतिथि एवं सभी कोच मैनेजर एवं मैच ऑफिसर का स्वागत किया। संस्था के प्राचार्य डॉ आर. के जैन सर ने मुख्य अतिथि संस्था के डायरेक्टर, कोच, मैनेजर एवं सम्मिलित होने वाले सभी खिलाड़ियों, चयन समिति के सदस्य डॉ. प्रभात सिंह ठाकुर तथा डॉ. अभिषेक गोयल एवं संस्था के सभी शिक्षकगण, स्टाफ एवं स्पोर्टस ऑफिसर अभिषेक पाठक एवं यूजेन जॉन के सराहनीय कार्य एवं सहयोग का आभार व्यक्त करते हुए सफलतम आयोजन के लिए धन्यवाद किया।

### माता वैष्णोंदेवी के लिए तीर्थयात्री 31 जनवरी को होंगे रवाना

**सागर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत माता वैष्णो देवी तीर्थ यात्रा हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत माता वैष्णो देवी तीर्थयात्रा करने हेतु आवेदन 17 जनवरी 2026 तक प्राप्त किये जावेगें। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत तीर्थयात्रा हेतु किए जा रहे आवेदन में आधार कार्ड नम्बर अनिवार्य रहेगा तथा आवेदन साफ्टकॉपी एवं हार्डकॉपी के द्वारा इस कार्यालय में 17 जनवरी सायं 05:30 बजे तक भेजना सुनिश्चत करें। तीर्थ यात्रियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्रों के साथ चिकित्सीय प्रमाण पत्र सहित सभी कालमों एवं सहपत्रों का सूक्ष्म परीक्षण उपरांत पात्र व्यक्तियों के ही आवेदन इस कार्यालय में भेजे जावें। इसके अतिरिक्त जिन तीर्थ यात्रियों द्वारा पूर्व की यात्राओं का लाभ प्राप्त कर लिया गया है।

### गांधीवादी तरीके से आंदोलन शुरू, हनुमानजी सरकार को ज्ञापन सौंपकर की पहल

# 23 वर्षों में पहली बार नगर निगम कर्मचारियों को तीन माह से वेतन नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




नगर निगम कर्मचारियों को विगत तीन माह से वेतन न मिलने सहित विभिन्न लंबित मांगों को लेकर नगर निगम कर्मचारी संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कर्मचारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि वे शहर की स्वच्छता एवं विकास कार्यों में निरंतर ईमानदारी से सेवाएं देने के बावजूद वेतन से वंचित हैं, जो कि कर्मचारियों के साथ अन्याय है। ऐसी गंभीर स्थिति नगर निगम में पिछले 23 वर्षों में पहली बार उत्पन्न हुई है। बैठक के उपरांत कर्मचारियों ने गांधीवादी तरीके से आंदोलन करने का निर्णय लिया और इसकी शुरुआत सोमवार शाम 5 बजे तीनबत्ती स्थित हनुमानजी सरकार को ज्ञापन सौंपकर की गई।

कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव राजेश सिंह राजपूत एवं कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक एवं ईकाई अध्यक्ष वर्षा समद्र ने बताया कि आंदोलन के अंतर्गत कर्मचारी प्रतिदिन शाम को विभिन्न स्थानों पर शांतिपूर्ण एवं रचनात्मक गतिविधियां करेंगे। इनमें नागरिकों से भीख मांगना, रामधुन, शंख-झालर के साथ सड़कों पर निकलना तथा जनप्रतिनिधियों को फूल भेंट कर अपनी पीड़ा से अवगत कराना शामिल रहेगा। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों की प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं- तीन माह का लंबित वेतन तत्काल जारी किया जाए। नगर निगम कर्मचारियों की लंबित पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण की जाए। एनपीएस एवं जीपीएफ की राशि समय पर संबंधित खातों में जमा की जाए। प्रत्येक माह की 1 तारीख को वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए। कर्मचारियों का नियमितीकरण शीघ्र किया जाए। लंबित एरियर्स का भुगतान किया जाए। बैठक में उपस्थित सभी कर्मचारियों ने आंदोलन में सक्रिय सहभागिता का आश्वासन देते हुए कहा कि जब तक सभी मांगें पूर्ण नहीं होतीं, तब तक प्रतिदिन शाम 5 बजे से गांधीवादी तरीके से आंदोलन जारी रहेगा।

इस अवसर पर आनंद मंगल गुरू, सईद उद्दीन कुरैशी, देवकुमार चौबे, रीतेश अग्रवाल, अनिरूध्द चांचोदिया, सूरज मंछदेर, मनोज चौबे, शकुनतला गोस्वामी, चद्रविजय गौर, अभिषेक तिवारी लेखापाल, कार्यालय अधीक्षक मनोज अग्रवाल, उपयंत्री रामाधार तिवारी, राहुल रैकवार, अखिलेश्वरनाथ शुक्ला, आयुषी श्रीवास्तव, मनोज तिवारी, शरद ठाकुर, प्रसन्न तिवारी, राजेश चौबे, संजय सोनी, राजेन्द्र सनकत, अभय सेन, सविता दुबे, आशी गौतम, अरविंद सोनी, राजेश नापित, नितिन अग्रवाल, जया श्रीवास्तव, मनोज रैकवार सहित बडी संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## क्रिकेट महाकुंभ 2026 की तैयारियों को लेकर जैसीनगर में युवा शक्ति संगठन की अहम बैठक

**सागर।** क्रिकेट महाकुंभ 2026 को लेकर आज जैसीनगर में युवा शक्ति संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में युवा शक्ति संगठन के जिला अध्यक्ष आकाश सिंह राजपूत एवं मंत्री प्रतिनिधि शैलेंद्र सिंह राजपूत की उपस्थिति में संगठन के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। बैठक के दौरान क्रिकेट महाकुंभ के आयोजन की रूपरेखा, आवश्यक व्यवस्थाओं, संसाधनों की उपलब्धता तथा अधिक से अधिक युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। आयोजन को भव्य, सुव्यवस्थित एवं ऐतिहासिक बनाने हेतु विभिन्न सुझावों पर मंथन किया गया। बैठक के पश्चात सभी पदाधिकारियों के साथ गोविंद स्टेडियम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मैदान की स्थिति, दर्शक सुविधाएं, खिलाड़ियों के लिए आवश्यक का जायजा लिया।

ऐजेन्सी देना है। हरिभूमि

सागर जिले में एजेन्सी देना है।

बंड़ा, गढाकोटा, गौरझमर, ढाना, केसली, देवरी, शाहगढ़, खुरई, हीरापुर, जैसीनगर, मालथौन, राहतगढ़, बांदरी, नरयावली, रेहली, जरूआखेड़ा

पता :- हरिभूमि कार्यालय 4 फ्लोर, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल

मो.: 8770833858, 9827743042

## खबर संक्षेप

### प्रोजेक्ट नई किरण में एक परिवार मिला

**ललितपुर।** स्थानीय पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया, जिसमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद एक परिवार में आपसी सुलह के आधार पर समझौता कराया। वहीं पांच मामलों को अग्रिम तिथि दी गयी। इस दौरान अजय बरया, डा.दीपक चौबे, डा.एस.पी.पाठक, डा.जनक किशोरी शर्मा, डा.संजीव कुमार शर्मा, अरमान कुरैशी, प्रतिसार निरीक्षक, महिला थानाध्यक्ष अनीता देवी, हे.का.आशा देवी, महिला आरक्षी माधवी शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।

### शुभ मिलन पत्रिका का हुआ विमोचन

**ललितपुर।** दिगंबर जैन पंचायत समिति ललितपुर के द्वारा शुभ मिलन पत्रिका कार्यक्रम का सफल आयोजन रविवार को भव्यता के साथ मनोकामना उत्सव स्थली जे.डी. का बाड़ा में संपन्न हुआ, जिसमें जैन मिलन चंद्रप्रभु डोडाघाट शाखा द्वारा निशुल्क चाय कॉफी बितरण की गई। जिसमें जैन मिलन शाखा के अध्यक्ष वीर राजेश कोटा, महामंत्री वीर कमलेश मस्तापुर, कोषाध्यक्ष वीर मनीष पारोल, संयोजक अनूप सेठी शाहपुर एवं सभी सदस्यों ने सराहनीय योगदान दिया।

### पारिवारिक विवाद को लेकर भाइयों में मारपीट

**ललितपुर।** थाना बालाबेहट अंतर्गत मोहल्ला बैदेहीपुरा निवासी छलोने पुत्र गोपी कुशवाहा ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीते रविवार को सुबह करीब 11 बजे वह अपने घर के बाहर बैठा हुआ था। तभी पारिवारिक विवाद को लेकर उसका भाई महेश, भतीजा महेन्द्र कुशवाहा, तेजा पत्नी स्व.ऊदल कुशवाहा, रामदेवी पत्नी महेश कुशवाहा एकराय होकर आये और उसे गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट करना शुरू कर दी। शोरगुल सुनकर उसकी मां बछलापुर बाई व पुत्र अजय कुशवाहा आया तो उनके साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी।

### खेत में पानी लगाने को लेकर किया अपमानित

**ललितपुर।** नहर का पानी खेत में लगाने को लेकर गांव में रहने वाले ठाकुरों ने अहिरवार समाज के किसान को गालियां दीं। विरोध करने पर मारपीट करते हुये जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित भी किया। पीड़ित ने थाना पहुंचकर पुलिस को आपबीती बतायी, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। थाना पूराकलां क्षेत्रांतर्गत ग्राम एवनी में रहने वाले दिनेश अहिरवार पुत्र छुट्टा ने पुलिस को शिकायत दर्ज करायी है। अवगत कराया कि बीती 24 दिसम्बर को अपराह्न करीब 12 बजे उसका पिता छुट्टा पुत्र जगू अहिरवार खेत से घर आ रहा था। इसी बीच रास्ते में गांव के मोन्टू पुत्र लक्ष्मन, बन्टू पुत्र सगुन, आदित्य पुत्र अर्जुन, कल्यान सिंह पुत्र जगदीश सभी जाति ठाकुर ने नहर का पानी खेत में लगाने को लेकर उसके पिता के साथ गाली-गलौज कर दी। विरोध करने पर ठाकुरों ने उसके साथ मारपीट कर दी। छुटटा चिल्लाया तो पिता की आवाज सुनकर वह बचाने मौके पर पहुंचा। आरोप है कि उसके पहुंचते ही उक्त लोगों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करते हुये उसके साथ भी मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुये वहां से चले गये। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### शराब की दुकान में घुसकर तोड़फोड़, मारपीट

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी अंतर्गत ग्राम चढरऊ निवासी नातीराजा पुत्र देवीसिंह ने पुलिस को अवगत कराया कि बीते शनिवार को सुबह करीब 11.30 बजे वह अपनी शराब की दुकान के अंदर बैठा हुआ था। उसी समय ग्राम खितवांस निवासी सचिन अवस्थी आया और उससे शराब पीने के लिए क्वाटर मांगने लगा। जब उसने शराब पीने के लिए रुपये मांगे तो सचिन ने गालियां देते हुये शराब की दुकान के अंदर घुस आया और मारपीट करते हुये शराब की पेटियां फेंकने लगा। जिससे शराब की पेटियां टूट गयीं और उसका काफी नुकसान हो गया है। आरोप है कि सचिन ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

---

### जिला कांग्रेस कमेटी ने मनाया कांग्रेस का स्थापना दिवस

# आधुनिक भारत के निर्माण में कांग्रेस की रही है ऐतिहासिक भूमिकाः रजक

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कांग्रेस कमेटी कार्यालय में कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यालय में पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के संस्थापकों को याद करते हुए उनके योगदान पर प्रकाश डाला।



कार्यक्रम की शुरुआत कांग्रेस ध्वज फहराने से हुई। जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश की आजादी से लेकर लोकतंत्र की मजबूती तक ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। उन्होंने पार्टी की विचारधारा, सामाजिक न्याय, समानता और संविधान की रक्षा के संकल्प को कांग्रेस पार्टी ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण तक ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। नगराध्यक्ष रामनरेश दुबे ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व में भारत को आजादी मिली और देश को एक लोकतांत्रिक संविधान प्रदान किया गया। पं.जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में आधुनिक भारत की नींव रखी गई, जिसमें बड़े बांध, स्टील प्लांट, आईआईटी और वैज्ञानिक संस्थानों की स्थापना हुई। इंदिरा गांधी के कार्यकाल में बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया, जिससे आम जनता को बैंकिंग सुविधाएं मिलीं। हरित क्रांति के माध्यम से देश को खाद्यान्न के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया गया। राजीव गांधी ने सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव किए। शिक्षा के क्षेत्र में आरटीई (शिक्षा का अधिकार), मिड-डे मील और उच्च शिक्षण संस्थानों की स्थापना की गई। मनरेगा योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजग़ार की गारंटी दी गई, सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून लागू कर शासन में पारदर्शिता बढ़ाई गई। सामाजिक न्याय के लिए अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े वर्ग और अल्पसंख्यकों के अधिकारों को मजबूत किया गया। यूपीए सरकार के दौरान आर्थिक विकास, सामाजिक कल्याण और समावेशी विकास पर विशेष ध्यान दिया गया। स्थापना दिवस के अवसर पूर्व प्रदेश सचिव जसपाल सिंह ने कहा कि मनरेगा के अधिनियम में बदलाव किया है इससे ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के अवसर समाप्त होंगे। अभी गांव के गांव में ही लोगों को रोजगार मिलता था, अब यह अधिनियम में परिवर्तन से मजदूरों का शोषण अत्यधिक बढ़ जाएगा। पहले पंचायत अपना अपनी योजना स्वयं बनाती थी, अब यह योजनाएं ऊपर से लादी जाएगी, जिससे गांव का समुचित विकास नहीं हो सकेगा। संचालन पूर्व प्रदेश सचिव जसपाल सिंह ने किया। स्थापना दिवस के अवसर पर नेहा तिवारी, राकेश रजक, रामदेवी विश्वकर्मा समोगर, मोहन सिंह चंदेल, डा.खेमचंद्र वर्मा, ऊदल पटेल, कुलदीप पाठक, सीताराम राय, उदलसिंह चंदेल, रफीक अली, असलम खान, जावेद किरमानी, शिशुपाल लोधी, मोनू रजक, राजेंद्रसिंह मिर्चवारा, आशीष दुबे आदि मौजूद रहे।

### बिरधा ब्लाक में मनरेगा का नाम बदलने का किया विरोध

ब्लॉक विरधा में कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस पर नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी के इतिहास और देश के लिए किए गए योगदान को याद किया। वक्ताओं ने केन्द्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदलने के प्रयासों का विरोध किया। कहा कि मनरेगा कांग्रेस सरकार की ऐतिहासिक योजना है, जिसने करोड़ों ग्रामीण परिवारों को रोजगार और सम्मान दिया है। योजना का नाम बदलना महात्मा गांधी और कांग्रेस की सोच का अपमान है। इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष हीरालाल सेन, मोहन चंदेल, श्याम सुंदर, रजनी साहू, मुलायम सिंह, बल्लू, प्रेम, रमेश सदर, महेंद्र सिंह राजा, यशवेन्द्र सिंह, सुरेंद्र सिंह राजपूत आदि उपस्थित रहे।

---

### जखौरा क्षेत्र में बचाव के उपाय बताए

# पुलिस ने चलाया साइबर जागरूकता अभियान




**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में जिले के साइबर क्राइम सेल थाना जखौरा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में जनता के लोगों को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक कर इससे बचाव हेतु उपाय बताया गया। जागरुकता कार्यक्रम में साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिसिंग, स्लेबरी, आईडेन्टिटी थेफ्ट आदि के विषय में विस्तृत रुप से जानकारी दी।

इस दौरान बताया कि डीप फेक, एआई, डिजिटल अरेस्ट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी, किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें तथा प्लेस्टोर/आईओएस से जेनुइन ऐप ही प्ले स्टोर से डाउनलोड करें, इनके अतिरिक्त किसी अन्य प्लेटफॉर्म से कोई ऐप डाउनलोड ना करें। किसी अनजान व्यक्ति से अपनी बैंकिंग सम्बंधी कोई भी डिटेल शेयर न करें तथा ओटीपी आदि मांगने पर न दें, सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते । किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने बिना उसे शेयर न करें, अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें तथा सिक्योरिटी फीचर हमेशा ऑन रखें, कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच या धमकी पर विश्वास न करें, सभी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण, सभी डिजिटल अकाउंट का स्ट्रांग पासवर्ड बनाएं तथा टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन की सेटिंग अनिवार्य रुप से ऑन रखें।

इसके अलावा साइबर फ्रॉड होने पर तत्काल अपनी शिकायत साइबर हेल्प लाइन नं0 1930, एनसीसीआरवी पोर्टल पर शिकायत रजिस्टर्ड करने या बेवसाइड पर अपनी शिकायत रजिस्टर्ड करायें अथवा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अपने निकटतम थाने या डायल-112 पर सूचना दें, जिससे कि वित्तीय धोखाधड़ी होने पर साइबर क्राइम के गोल्डन ऑवर में सम्बन्धित को जानकारी देने का आह्वान किया गया।

---

### दबंगों ने जबरन शुरू किया निर्माण

# परिवार सहित पीड़ित आमरण अनशन करने घंटाघर पर बैठा




हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

निकटवर्ती ग्राम पनारी की मेन रोड पर स्थित जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण किये जाने से क्षुब्ध पीड़ित अपने परिवार के साथ घण्टाघर मैदान में आमरण अनशन पर बैठ गया। हालांकि पीड़ित के शिकायती पत्र पर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा द्वारा कोतवाली पुलिस को जांच कर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है। पनारी निवासी परमानन्द पुत्र श्यामलाल ने पुलिस को बताया कि उसकी जमीन पर गांव के कुछ लोग स्टे होने के बावजूद भी कब्जा कर निर्माण कर रहे हैं। जब उसने विरोध किया तो उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट की गयी और जान से मारने की धमकी देते हुये भगा दिया गया। पीड़ित का आरोप है कि उक्त लोग काफी दबंग, रसूखदार हैं, जिस कारण कार्यवाही भी नहीं हो पा रही है। पीड़ित ने मामले में जांच करायी जाकर अवैध कब्जा व निर्माण को तत्काल रोके जाने की मांग उठायी है।

### राजीनामा करने के लिए बुलाकर मारपीट की

**ललितपुर।** पुलिस चौकी नेहरूनगर अंतर्गत मोहल्ला जुगपुरा में मां अहिल्याबाई स्कूल के पास रहने वाली अनीता यादव पुत्र गजराम सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसका पुत्र सोनू यादव जो कि गुजरात में काम करता है। सोनू का उसकी पत्नी से आपसी विवाद है, जो कि न्यायालय में विचाराधीन है। इसी मामले को लेकर जयन्ती के फूफा गोलू ने सोनू को फोन कर न्यायालय के मामले में नेहरूनगर स्थित अपने घर बुलाया था। 25 दिसम्बर को उसका पुत्र सोनू को गुजरात से गोलू के घर नेहरू नगर आया, जहां पहले से मौजूद छोटू, राजा, गोलू व अज्ञात लोग थे। जिन्होंने सोनू को आते ही घेर लिया और उक्त लोगों ने एकराय होकर सोनू के साथ कुल्हाड़ी, डण्डों से मारपीट कर दी,सोनू के सिर में गंभीर चोट आयीं। गालियां देते हुये सोनू को जान से मारने की धमकी देते हुये घर से बाहर निकल गये।

---

### अहिरवार समाज की महापंचायत संपन्न

# सामाजिक स्तर पर 15 बिंदुओं पर विचार किया

**ललितपुर।** अहिरवार समाज महापंचायत की द्वितीय विचार संगोष्ठी का आयोजन स्थानीय एक शादीघर में अहिरवार समाज ललितपुर की ओर से किया गया। जिसमें पूर्व में की गई महापंचायत के बाद समाज में उन बिन्दुओं को सामाजिक स्तर पर 15 बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया और नियम लागू कराने हेतु ललितपुर जनपद के सभी ब्लाकों से आये अहिरवार समाज के माते मुखिया, चिन्तक, विचारक आदि लोगों ने अपने-अपने समाज हित में विचार व्यक्त किए। अहिरवार महापंचायत का जिलास्तरीय और ब्लॉक स्तरीय गठन किया गया। जिसके क्रम में महापंचायत ने सर्वसम्मति से रिटायर्ड शिक्षक बंटूराम अहिरवार को जिला संरक्षक, तुलसीराम अहिरवार जिजयावन को जिलाध्यक्ष घोषित किया। इसके अलावा सुरेन्द्र कुमार रामनगर को जिला उपाध्यक्ष, जगनलाल बिरधा को महासचिव, कमलेश कुमार को संगठन मंत्री, पुरुषोत्तम कुम्हैडी को कोषाध्यक्ष, सुल्तान सिंह गेंदोरा को ऑडिटर, अरविंद मेलवारा को मीडिया प्रभारी और महेंद्र पनारी, राजेंद्र भास्कर महरौनी को सदस्य घोषित किया गया। इसके अलावा ब्लॉक अध्यक्ष महरौनी हरवेंद्र कुमार बगरुआ तथा जखौरा ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश अध्यापक एवं मड़ावरा ब्लॉक अध्यक्ष लोटन अमीन साहब धवा, बिरधा ब्लॉक अध्यक्ष मोहन लाल खाईखेरा, बार ब्लॉक अध्यक्ष जवाहर लाल को बनाया गया। वक्ताओं ने बताया कि अहिरवार महापंचायत का उद्देश्य सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने, राजनीतिक प्रतिनिधित्व को मजबूत करने, शैक्षणिक उन्नयन करना है। आने वाले पंचायत चुनाव में ब्लॉक संगठन के माध्यम से हर सीट पर प्रतिनिधि चुने जाएंगे और समाज पूरी लगन से इन प्रत्याशियों को जिताएगा। महापंचायत ने जो नियम बनाए है उनका सख्ती से अनुपालन होगा और जो नियम तोड़ेगा, उन पर अनुशासनात्मक कार्यवाही भी होगी। जिलाध्यक्ष तुलसीराम अहिरवार ने कहा कि समाज ने मुझे जिम्मेदारी सौंपी है उसको पूरी निष्ठा से निभाऊंगा और समाज के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास करेगा। भारतरत्न बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकरजी के सपनों को पूरा करना ही महापंचायत का लक्ष्य होगा। इस दौरान इंजी.चन्द्रशेखर अहिरवार, रविन्द्र भास्कर, सुरेन्द्र दादा मैनवार, डा.रविंद्र भास्कर, ओमप्रकाश बिजरोठा, धर्मेंद्र बरखेरा, अर्जुन नेता जाखलौन, इंद्रजीत गौतम पत्रकार, कृपाल गौतम पत्रकार, प्रताप सिंह दिनकर सौजना, धनीराम वर्मा, लालसिंह रोड़ा, जगदीश अध्यापक, प्रमोद कुमार गौतम कुम्हैडी आदि मौजूद रहे।



---

# श्रद्धा भावना से चारों साहिबजादों व माता गुजरी का बलिदान दिवस मनाया गया

**ललितपुर।** श्री गुरुसिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वाधान में गुरुद्वारा साहिब के चारों साहिबजादों व माता गुजरीजी का शहीदी पर्व गुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा में श्रद्धा भावना के साथ मनाया गया। पांच दिनों से चल रहे कार्यक्रमों का आज समापन हुआ। सर्वप्रथम सुबह स्त्री साध संगत द्वारा श्रीनितनेम साहिबजी के पांच दिनों से चल रहे पाठों का समापन हुआ। उपरांत मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दलजीत सिंह ने गुरबाणी कथा कीर्तन द्वारा संगत को निहाल किया। गुरु सिंह सभा अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी के चारों साहिबजादों (बाबा अजीत सिंहजी, बाबा जुझार सिंहजी, बाबा जोरावर सिंहजी और बाबा फतेह सिंहजी) और माता गुजरीजी की शहादत, धर्म और मूल्यों की रक्षा के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक है, जहां छोटे साहिबजादों को दीवार में चुनवा दिया गया और माता गुजरीजी ने यह सुनकर प्राण त्याग दिए। यह सिख इतिहास का एक गौरवपूर्ण और दुखद अध्याय है जो आज भी हमें निडरता सिखाता है। इस दौरान अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह सलूजा, मंत्री मनजीत सिंह सलूजा, चरणजीत सिंह, कोषाध्यक्ष परमजीत सिंह छतवाल, जगजीत सिंह बॉबी, कमलजीत सिंह छाबड़ा, हरजीत सिंह, डा.जेएस बक्शी, इंदरजीत सिंह, गौरव सिंह, सतनाम सिंह डिंपी, रणवीर सिंह परमार, कृपाल सिंह परमार, मनजीत सिंह परमार, गुणवीर सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन महामंत्री सुरजीत सिंह सलूजा ने किया।



### रास्ते में रोककर मारपीट, धमकाया

**ललितपुर।** पूराकलां थाने के ग्राम एवनी निवासी नवनीत साहू पुत्र महेन्द्र ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 26 दिसम्बर की शाम करीब 6 बजे वह तालबेहट से अपने घर ग्राम एवनी आ रहा था। तभी रास्ते में बरूआ नाला के पास थाना बार अंतर्गत ग्राम बरौदाडांग निवासी सन्नी राजा पुत्र बहोरन सिंह, दीपेन्द्र राजा पुत्र कल्याण सिंह ठाकुर ने उसके साथ गालियां दीं और विरोध करने पर मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# जबरन माल नहीं भरने पर ट्रांसपोर्टर से मारपीट

**ललितपुर।** नगर क्षेत्र के मोहल्ला बड़ापुरा निवासी सलीम पुत्र हिम्मत खां ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि झांसी रोड स्थित मन्नू पेट्रोल पम्प के पास एकान्त ढ़ाबा के बगल में उसका ट्रान्सपोर्ट का व्यापार है। अपने व्यापार को लेकर वह बीती 25 दिसम्बर को यहां आया हुआ था। मौके पर उसने गाड़ी संख्या एच.पी. 24 ई 3077, एच.पी. 24 ई 3073 को माल भरवाने के लिए सम्पर्क किया था। उक्त नम्बर पर बात करने वाले व्यक्ति ने कहा कि आज बड़ा दिन है और मण्डी बंद है। जिसके बाद उक्त व्यक्ति स्वयं ट्रांस्टपोर्ट पर आया और उससे जबरन अपना वाहन लोड कराने को कहा, जिस पर उसके द्वारा मना करने पर उक्त व्यक्ति अरविन्द कुमार यादव (ट्रक चालक) अपने साथ आनन्द यादव व दो अज्ञात लोगों के साथ 26 दिसम्बर को अपराह्न करीब 3.15 बजे गालियां देते हुये उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया और उसके चेहरे व सिर में चोटें आयीं है। आरोप है कि उक्त लोग उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पीड़ित ने बताया कि उसे जानमाल का खतरा है, जिससे वह काम पर भी नहीं जा पा रहा है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बाइक हटाने को लेकर की मारपीट

**ललितपुर।** तालबेहट थानान्तर्गत ग्राम बम्हौरीसर निवासी रामबाबू पण्डित पुत्र मनीराम ने पुलिस को अवगत कराया कि बीती 24 दिसम्बर को शाम करीब 6 बजे वह कस्बा तालबेहट स्थित साहू समाज मंदिर के सामने रोड पर था, तो मोटर साइकिल हटाने के विवाद को लेकर लंका मैदान के पास खांदी निवासी हरीकिशन कुशवाहा, ग्राम गूगर निवासी शिशुपाल लोधी ने उसे लात-घूसों से मारपीट कर दी और गालियां देकर जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

---

### 11 हजार केवी विद्युत लाइन डाल रहा था

# तार डालते में करंट से चीराकोडर के युवक की जबलपुर में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जाखलौन थाना क्षेत्र के ग्राम चीरा कोडर निवासी 28 वर्षीय सौरभ की मध्य प्रदेश में बिजली लाइन डालते समय करंट लगने से मौत हो गई। परिजनों ने शनिवार रात उसे जबलपुर से ललितपुर मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सौरभ कुशवाहा ललितपुर के एक ठेकेदार के साथ मध्य प्रदेश के सिवनी जिले के बदलापुर में मजदूरी करने गया था। ठेकेदार 26 नवंबर को सौरभ सहित छह मजदूरों को बिजली की लाइन डालने के लिए ले गया था। 24 दिसंबर को सौरभ 30 फीट ऊंचे खंभे पर 11 हजार हाईटेंशन विद्युत लाइन डाल रहा था, तभी अचानक उसमें करंट दौड़ गया। परिजनों का आरोप है कि यह हादसा बिजली विभाग और ठेकेदार की लापरवाही के कारण हुआ। करंट लगने से सौरभ खंभे पर ही झुलस गया था।

उसे किसी तरह नीचे उतारकर अस्पताल ले जाया गया। शनिवार रात करीब 10.35 बजे ठेकेदार उसे जबलपुर अस्पताल से ललितपुर मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रखवाकर पुलिस को सूचना दी। मृतक के पिता कम्मोद कुशवाहा ने बताया कि सौरभ अपने दो भाइयों और दो बहनों में सबसे बड़ा था और उसके तीन छोटे बच्चे हैं। युवक की मौत के बाद से परिजनों में गहरा शोक है।

### खंगार क्षत्रिय समाज बंधुओं ने महाराजा खेत सिंह जूदेव की जयंती मनाई

# तुवन मंदिर से डीजे की धुन पर गाजे बाजे से निकाली शोभायात्रा

**ललितपुर।** शहर के तुवन चौराहा स्थित तुवन मंदिर पर वीर शिरोमणि गढ़कुण्डार नरेश महाराजा खेतसिंह जूदेव की भव्य जयन्ती खंगार क्षत्रिय समाज के बैनर तले बड़े ही धूमधाम व गाजे बाजे के साथ मनाई गई। सुबह से ही खंगार क्षत्रिय समाज बन्धुओं का तुवन मंदिर पर आना शुरू हो गया था। मुख्य अतिथि प्रांतीय परिषद सदस्य भाजपा (झांसी महानगर जिलाध्यक्ष भाजपा) हेमन्त सिंह परिहार व विशिष्ट अतिथि रेनू नीरज गोस्वामी (अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी दिल्ली) रहे। मुख्य अतिथि ने तुवन मंदिर पर पहुंचकर माथा टेका। उनका आगमन होने पर मंच पर खंगार क्षत्रिय समाज ने तालियों की गडग़ड़ाहट से स्वागत किया। शुभारंभ जय मां गजानन माता, वीर शिरोमणि गढ़कुण्डार नरेश महाराजा खेत सिंह जूदेव, वरिष्ठ समाजसेवी रहे स्व.पुरुषोत्तम सिंह परिहार उर्फ परशु व वरिष्ठ समाजसेवी रहे स्व.जसवन्त सिंह परिहार कक्का के चित्र सम्मुख दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण किया। अखिल भारतीय क्षत्रिय खंगार समाज पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि को तिलक लगाकर व ग्यारह किलो की गले में माला पहनाकर, तलवार भेंट कर भव्य स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि का भी तिलक लगाकर व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि सबसे पहले हमारी समाज को संगठन होना पड़ेगा और पूरी खंगार क्षत्रिय समाज में एकता होनी चाहिये, जब हमारी खंगार क्षत्रिय समाज में एकता रहेगी तो कोई भी कितना बड़ा काम हो तुरन्त हो जायेगा।



शिक्षा पर जोर देते हुये कहा कि अपने अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दे और खूब पड़ाये लिखाये जिससे वो आगे चलकर कुछ बन सके और अपने जिला का नाम व अपने माता पिता का नाम रोशन कर सके। कहा कि महाराजा खेत सिंह जूदेव खंगार समाज के गौरव रहे है, उनके शासनकाल में कोई भी योद्धा उनके साथ युद्ध करने में हिचकते थे क्योंकि वह रणवीर थे और समाज के गौरव होने के साथ साथ महाराजा खेत सिंह जूदेव महान योद्धा भी थे। खंगार समाज की उत्पत्ति उनके हाथों में रहने वाले खंगरुपी तलवार से हुई खंगार के नाम से उद्देश्य खंग यानी तलवार हार यानि दुशमनों की हार वह जब तलवार चलाते थे तब सिर्फ उनके हाथ ही दिखते थे। फुर्तीली तलवार चलाने में माहिर महाराजा खेत सिंह जूदेव द्वारा अपने समाज की रक्षा में विशेष योगदान दिया गया। विशिष्ट अतिथि ने महाराजा खेत सिंह जूदेव के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुये बताया कि महाराजा खेत सिंह जूदेव द्वारा समाजहित में कई अभूतपूर्व कार्य किये गये समाज के गौरव के रुप में अपनी पहचान बनाने वाले वीर शिरोमणि गढ़कुन्डार नरेश महाराजा खेत सिंह जूदेव की भव्य जयन्ती अखिल भारतीय क्षत्रिय खंगार समाज ललितपुर के बैनर तले प्रतिवर्ष की भांति इस साल भी बड़े ही धूमधाम व गाजे बाजे के साथ मनाई गई। अखिल भारतीय क्षत्रिय खंगार समाज अध्यक्ष शिवम सिंह परिहार ने वीर शिरोमणि गढ़कुन्डार नरेश महाराजा खेत सिंह जूदेव के जीवन चरित्र के बारे में विस्तार से बताया। इसके बाद महाराजा खेत सिंह जूदेव की जयंती पर सर्वप्रथम तुवन मंदिर से डीजे की धुन पर गाजे बाजे के साथ जय मां गजानन माता, वीर शिरोमणि गढ़कुण्डार नरेश महाराजा खेत सिंह जूदेव की भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

### श्योपुर, शिवपुरी मार्ग पर दो घंटे तक जाम रहे वाहनों के पहिए

# बोवनी होते ही बड़ा खाद का संकट आक्रोशित किसानों ने लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

रबी सीजन की बोवनी शुरू होते ही खेतों में खाद की मांग तेज़ हो गई हैं। समय पर खाद न मिलने पर किसानों का खाद के लिए प्रदर्शन आम बात हो गई है। इसकी बानगी सोमवार को तब देखने को मिली जब किसानों ने खाद की मांग करते हुए श्योपुर शिवपुरी मार्ग पर खाद वितरण केन्द्र के सामने जाम लगा दिया। जाम लगने से इस रूट पर आने जाने वाले वाहनों की लंबी कतारें लग गई। बाद में कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर मौके पर पहुंचे एसडीएम गगन सिंह मीणा ने किसानों को समझाइश देकर जाम खुलवाया। इस दौरान आंदोलित किसानों का नेतृत्व किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जसवंत सिंह मीणा और युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राम भरत मीणा करते हुए दिखाई पड़े।

जिले में खाद की गंभीर समस्या को लेकर किसानों का गुस्सा सोमवार को सड़कों पर फूट पड़ा। श्योपुर में सुबह करीब साढ़े नौ बजे श्योपुर शिवपुरी मार्ग स्थित खाद वितरण केंद्र के सामने किसानों ने चक्काजाम कर दिया। जाम के कारण करीब दो घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।किसानों का कहना था कि उन्हें लंबे समय से पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पा रही है। कई किसान पिछले सात दिनों से टोकन लेकर वितरण केंद्र के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद खाद उपलब्ध नहीं कराई जा रही। सोमवार सुबह तो हालात यह रहे कि सुबह पांच बजे से ही कड़ाके की ठंड में महिलाएं और बच्चे भी लाइन में खड़े रहे, फिर भी अधिकांश किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ा। इसी से नाराज होकर किसानों ने मजबूरी में हाईवे जाम का फैसला किया। किसानों ने आरोप लगाया कि वितरण व्यवस्था पूरी तरह अव्यवस्थित है। टोकन होने के बावजूद खाद नहीं मिल रही, जिससे बोवनी का समय निकलता जा रहा है और फसलों पर संकट मंडरा रहा है। किसानों का कहना है कि यदि समय पर खाद नहीं मिली तो उत्पादन पर असर पड़ेगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

जाम की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। सबसे पहले तहसीलदार मनीषा मिश्रा ने किसानों से जाम हटाने की अपील की, लेकिन किसान अपनी मांगों पर अड़े रहे। इसके बाद डिप्टी कलेक्टर संजय जैन और एसडीएम गगन सिंह मीणा मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों से करीब आधे घंटे तक बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। जिला प्रशासन द्वारा किसानों को खाद वितरण को सुचारु करने के लिए तत्काल तीन काउंटर शुरू करने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही टोकनधारी किसानों को प्राथमिकता के आधार पर खाद उपलब्ध कराने की बात कही गई। प्रशासन के इस आश्वासन के बाद किसानों ने दोपहर करीब 12 बजे चक्काजाम हटाने पर सहमति जताई, तब जाकर यातायात बहाल हो सका।



### छावनी बना जिला विपणन कार्यालय

जाम के दौरान किसानों का आक्रोश देखते हुए प्रशासन अलर्ट हो गया और नाराज़ किसान खाद न लूट लें इस उद्देश्य से भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात करवा दिया। एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देश पर खुद एसडीओपी राजीव गुप्ता पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे और शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ साथ किसानों को समझाइश भी देते रहे।

### युकां जिलाध्यक्ष और किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष समेत 14 लोगों पर कोतवाली में एफआईआर दर्ज

खाद वितरण केन्द्र के सामने श्योपुर शिवपुरी मार्ग पर लगाम लगाए जाने के मामले को लेकर कोतवाली थाना पुलिस ने युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामभरत मीणा तथा किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जसवंत बछेरी एवं 12 अज्ञात समेत 14 लोगों के खिलाफ किसानो को जबरन उकसाते हुए चक्काजाम करने, जिला विपणन अधिकारी के साथ गाली गलौच,खाद गोदाम प्रभारी को धमकाते हुए शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। कोतवाली थाना प्रभारी सतीश सिंह चौहान ने बताया कि यह एफआईआर जिला विपणन अधिकारी सतेन्द्र सिंह की रिपोर्ट पर दर्ज की गई है।

### इनका कहना है

जिले में खाद की कोई कमी नहीं है। वर्तमान में भी प्रशासन के पास करीब 200 मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है, जिससे लगभग एक हजार किसानों को आसानी से खाद दी जा सकती है। यह अव्यवस्था लाईन में पहले लगने को लेकर हुई थी। किसानों की सुविधा के लिए तीन काउंटर खोले जाने पर विचार विमर्श रहे हैं ताकि किसान आसानी से कूपन प्राप्त कर सकेंगे।

**संजय जैन**
**डिप्टी कलेक्टर श्योपुर**

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

# अज्ञानता रूपी अंधेरे को दूर करती है भागवत कथा:राघव ऋषि

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



शहर के बायपास रोड स्थित हैवीमशीनरी टीनशेड प्रांगण में सोमवार को कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा शहर के पाली रोड स्थित खुलखुली माता मंदिर से आरंभ हुई। इस दौरान भगवान के जयकारे से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। गाजेबाजे के साथ कलश यात्रा प्रमुख मार्गो से होते हुए कथा स्थल पर आकर सम्पन्न हुई। जहां पूज्य संत राघव ऋषि ने श्रीमद भागवत कथा का मंगलाचरण आरंभ करते हुए कहा कि भागवत भक्ति ज्ञान और वैराग्य का भी दुख दूर करने वाला साधन है। कलयुग में मोह से छुटकारा दिलाने वाला मार्ग है। नारद ऋषी पूर्व जन्म में दासी के पुत्र थे और जब उनका महात्माओ के साथ सतसंग हुआ तो वे देव ऋषि बन गये। दुख का मूल कारण अज्ञानता ही है। भागवत अज्ञान रुपी अंधेरा दूर करती है भागवत भगवान के अवतार कि कथा है। अहंकार के कारण जय विजय का वैकुण्ठ से पतन हुआ। नारद जी ने उसके पुत्र को गर्भ में ही भागवत का संस्कार डालकर राक्षस संस्कृति का नाश कर डाली।भागवत धर्म का प्रचार करना होगा। घर घर गांव-गांव में भागवत धर्म का प्रचार करना होगा। इससे बच्चो में उच्च संस्कार आएंगे बच्चे अपने माता पिता कि सेवा में तभी अग्रसर होगे, जब उनके मन में भागवत धर्म बैठेगा।

### नींद में जिम्मेदार, रास्ते की हालत जल्द सुधारे जाने की मांग

# कीचड़ से सना बाबा गुंसाई मंदिर का रास्ता, परेशान हो रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बडौदा तहसील क्षेत्र के ग्राम पांडोली में बाबा गुंसाई जी महाराज का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मौजूद है। लेकिन इस धार्मिक स्थल पर दर्शनों के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालु इन दिनों परेशानी उठाने को मजबूर हो रहे है। यह परेशानी इस मंदिर पर जाने वाले प्रमुख रास्ते पर पसरी कीचड के कारण उठानी पड रही है। स्थानीय लोगों की माने तो मंदिर के रास्ते की यह हालत पिछले करीब एक साल से बनी हुई है,लेकिन इसके बाद भी जिम्मेदारों की नींद नहीं टूट रही है। ऐसे में श्रद्धालुओं की परेशानी घटने के बजाए और बढती जा रही है।

ग्राम पांडोली के ग्रामीणों ने बताया कि बाबा गुंसाई जी महाराज मंदिर के मुख्य रास्ते की हालत करीब एक साल से कीचडमय बनी हुई है। जिसे सुधारने के लिए कई बार ग्राम पंचायत को बता दिया गया है। वहीं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को भी इस संबंध में अवगत करा दिया गया है। लेकिन इसके बाद भी रास्ते की हालत क्यों नहीं सुधारी जा रही है, जो काफी चिंता और शर्मिंदगी का विषय बन गया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से इस मंदिर के रास्ते की हालत को सुधारे जाने की मांग की है।



# 3 जनवरी को भव्यता से मनेगी सावित्री फुले की जयंती,निकलेगा चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

भारत की प्रथम शिक्षिका माता सावित्री फुले की जयंती 3 जनवरी को श्योपुर जिला मुख्यालय पर भव्यता के साथ मनाई जाएगी। इस मौके पर एक चल समारोह भी निकाला जाएगा। फुले बिग्रेड द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की तैयारियां शुरू हो गई है। फुले बिग्रेड से जुडे कार्यकर्ता शहर समेत गांव गांव पहुंचकर इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समाजीय लोगो से जन संपर्क कर रहे है और उन्हें इस कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण भी दे रहे है।

फुले बिग्रेड के संभागीय प्रभारी गजानंद सुमन ने बताया कि माता सावित्री फुले जयंती समारोह 3 जनवरी को शहर के बडौदा रोड स्थित रामद्वारा में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में फुले विग्रेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीपी सैनी जयपुर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेगे। वहीं अन्य पदाधिकारी भी शामिल होगे। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 11 बजे चल समारोह शुरू किए जाने के साथ होगी। यह चल समारोह शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरेगा। जो बाद में रामद्वारा में आकर सम्पन्न होगा।



# मानपुर में सब स्टेशन स्वीकृत कराने ऊर्जा मंत्री से मिला प्रतिनिधि मंडल



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले के मानपुर कस्बे के किसानां के एक प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान के नेतृत्व में ऊर्जा मंत्री प्रधुम्न सिंह तोमर से मुलाक़ात की। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान ने ऊर्जा मंत्री को बताया कि मानपुर क्षेत्र में किसानों को जैनी फीडर से आपूर्ति की जा रही है लेकिन जैनी फीडर के ओवरलोड होने के कारण मानपुर क्षेत्र के किसानों को पर्याप्त बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है इसके लिए मानपुर में एक नवीन बिजली सब स्टेशन स्वीकृत किया जाए। इस संबंध में ऊर्जा मंत्री तोमर द्वारा विद्युत विभाग के सीई कटारे को मौके पर ही किसानो के सामने बुलाकर जानकारी ली और तुरंत ही प्रस्ताव को भोपाल स्वीकृति के लिए भिजवाया। ऊर्जा मंत्री द्वारा प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया गया है कि जल्द ही भोपाल से भी स्वीकृति दिलवा दी जाएगी इसके साथ ही मानपुर पंचायत में आने वाले गुड्डा सहराना के लिए नवीन आबादी लाइन स्वीकृत करवाने के लिए भी वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए। प्रतिनिधि मंडल में मानपुर सरपंच लक्ष्मीनारायण आर्य, भानु प्रकाश शर्मा, ओमप्रकाश पाराशर, पुरूषोतम राठौर, विष्णु माहौर, सियाराम सुमन, प्रहलाद बैरवा, हरि बैरवा, रामकुमार बैरवा, बजरंग माली सहित दो दर्जन किसान थे। प्रतिनिधी मंडल में शामिल सभी लोग ऊर्जा मंत्री द्वारा आयोजित रामधुन कार्यक्रम में भी उपस्थित हुए।

### वीरपुर में हिंदू सम्मेलन के लिए हुआ भूमि पूजन

श्योपुर। संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में वीरपुर कस्बे में 18 जनवरी को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन की शुरूआत कलश यात्रा के साथ होगी। इसके लिए हिंदू सम्मेलन समिति गठित हो गई है। इस हिंदू सम्मेलन को लेकर सोमवार को भूमि पूजन किया गया। संतो की विशेष उपस्थिति में आयोजित भूमि पूजन के दौरान बडी संख्या में हिंदू सम्मेलन समिति के पदाधिकारी व नागरिक मौजूद थे।



# खेत में यूरिया डाल रहे किसान को देख रुके कलेक्टर, फसल उत्पादन के संबंध में की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पंचायत उप निर्वाचन अंतर्गत मतदान केन्द्रों के भ्रमण के दौरान कलेक्टर अर्पित वर्मा, तलावदा एवं जैनी के बीच अपने खेत में यूरिया खाद का छिडकाव कर रहे किसान को देखकर रूक गये और गाडी से उतरकर खेत में पहुंच किसान से फसल उत्पादन के संबंध में चर्चा कर जानकारी ली गई। किसान महावीर मीणा ने बताया कि उसके द्वारा गेहूं की फसल में यूरिया खाद दिया जा रहा है, खेत के कुछ हिस्से में सरसो की फसल भी बोई है। उसने बताया कि फसल अभी अच्छी है और बेहतर उत्पादन की उम्मीद है। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा इस दौरान यूरिया खाद की मात्रा तथा गेहूं के खेत में की जाने वाली सिंचाई के बारे में जानकारी ली गई।



### कलेक्टर ने विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर लिया चुनाव का जायजा

# ग्रापं नागदा में 83, बैचाई में 84 प्रतिशत मतदान जिपं सदस्य पद के लिए हुई 68 प्रतिशत वोटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले में पंचायत उप चुनाव के तहत सोमवार को एक जिला पंचायत सदस्य और दो सरपंच पदों के लिए 72 मतदान केन्द्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान सम्पन्न हुआ। ग्राम पंचायत नागदा में सरपंच पद के लिए जहां 83.51 प्रतिशत मतदान किया गया। वहीं ग्राम पंचायत बैचाई में सरपंच पद के लिए 84.64 प्रतिशत वोटिंग हुई। जबकि वार्ड क्रमांक 01 मानपुर क्षेत्र में जिला पंचायत सदस्य के लिए 68.2 मतदान हुआ। सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए थे। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने भी खुद विभिन्न मतदान केन्द्रों का भ्रमण करते हुए मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया।

मानपुर क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का भ्रमण करते हुए कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जिला पंचायत सदस्य पद के चुनाव के लिए बनाए गए मतदान केन्द्र क्रमांक 61 शासकीय प्राथमिक विद्यालय ऊचाखेडा, मतदान केन्द्र क्रमांक 49 एवं 50 शासकीय माध्यमिक विद्यालय जैनी एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 14 आंगनबाडी केन्द्र बगदिया का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी स्थानों पर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान की प्रक्रिया संचालित पाई गई। इस दौरान तलावदा क्षेत्र में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट रोशनी शेख एवं बगदिया में नायब तहसीलदार टीएस लकडा आदि अधिकारी मौजूद थे।




### जिपं सदस्य पद के लिए 27088 मतदाताओं ने डाले वोट

जिला पंचायत वार्ड क्रमांक 01 के सदस्य पद के लिए सोमवार को इस क्षेत्र की 18 ग्राम पंचायतों के 67 मतदान केन्द्रों पर मतदान सम्पन्न कराया गया। इन मतदान केन्द्रों पर दर्ज 39 हजार 717 मतदाताओं में से 27 हजार 88 मतदाताओं ने मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर मतदान किया। इनमें 14 हजार 451 पुरूष मतदाताओं एवं 12 हजार 637 महिलाओं मतदाताओं द्वारा मतदान किया गया। मतदान का प्रतिशत 68.2 प्रतिशत रहा है। यहां बता दें कि जिला पंचायत सदस्य पद के लिए 16 उम्मीदवार चुनावी मैदान में थे। अब जीत किसकी होगी,इसका पता को मतगणना के बाद चल सकेगा।फिलहाल सभी उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम मशीनों में कैद हो गया है।

### ग्राम पंचायत नागदा में 1 हजार 580 मतदाता, तो बैचाई पंचायत में 865 मतदाताओं ने किया मतदान

जनपद पंचायत श्योपुर की ग्राम पंचायत नागदा में सरपंच के लिए सोमवार को तीन मतदान केन्द्रों पर मतदान कराया गया। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत नागदा में कुल 1892 मतदाता दर्ज है। इनमें से 1580 मतदाताओं ने मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर मतदान किया। जिसमें 832 पुरूष एवं 748 महिलाएं शामिल है। जिसके चलते यहां मतदान का प्रतिशत 83.51 रहा है। यहां सरपंच पद के लिए तीन उम्मीदवार है। इसी प्रकार जनपद पंचायत विजयपुर की ग्राम पंचायत बैचाई में सरपंच पद के लिए दो मतदान केन्द्रों पर वोटिंग कराई गई। इस दौरान यहां 865 वोटर्स ने मतदान किया, जिसमें 485 पुरूष एवं 380 महिला मतदाता शामिल है। बता दें कि इस पंचायत में कुल 1022 वोटर्स है। मतदान का प्रतिशत 84.64 प्रतिशत रहा है तथा यहां सरपंच बनने के लिए तीन महिलाएं चुनाव लड रही है।

### 2 जनवरी को होगी मतगणना

उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय जैन ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य एवं सरपंच पद के लिए मतो की गणना विकासखण्ड मुख्यालय पर 02 जनवरी 2026 को प्रातः 08 बजे से होगी। सरपंच पद के लिए निर्वाचन परिणाम की घोषणा 02 जनवरी को प्रातः 10.30 की जायेगी। जिला पंचायत सदस्य पद के लिए निर्वाचन परिणाम की घोषणा 05 जनवरी 2026 को प्रातः 10.30 बजे होगी।

### दो कर्मचारियों को वेतनवृद्धि रोकने के नोटिस जारी करने के निर्देश

# पीएम श्री एयर एंबुलेंस सेवा के संबध में प्रचार-प्रसार करें:कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

आकस्मिक गंभीर रूप से बीमार रोगियों को उचित एवं त्वरित उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जाए। जिससे शासन की मंशानुरूप जरूरत के समय लोगों को इसका लाभ प्राप्त हो सकें। यह बात कलेक्टर अर्पित वर्मा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कही। इसके साथही कार्यो में लापरवाही बरतने एवं कार्यालय में ड्यूटी से अनुपस्थित रहने पर सहकारिता निरीक्षक आरडी पचौरिया तथा सब ऑडीटर रवि पचौरिया की वेतनवृद्धि रोकने हेतु नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।




बैठक में एडीएम रूपेश उपाध्याय, डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बैठक के दौरान उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले में सब्जी विस्तार क्षेत्र को बढाया जायें, सब्जी उत्पादन को बढावा देते हुए नवाचार किये जाए। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को विजयपुर क्षेत्र के सहसराम में खेल मैदान हेतु भूमि का चिन्हांकन करने के निर्देश भी दियें। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग तथा पीएचई के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पतालों, उप स्वास्थ्य केन्द्रों, आंगनबाडी केन्द्रों एवं स्कूलों का सतत रूप से भ्रमण किया जायें।

### दांतरदा मंडल में 5 जनवरी को होगा हिंदू सम्मेलन, किया भूमि पूजन

श्योपुर। सोंई खंड के दांतरदा मंडल में आगामी 5 जनवरी को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें दांतरदा समेत आसपास के गांवों के लोग शामिल होंगे। इस हिंदू सम्मेलन को लेकर बनी समिति ने हिंदू सम्मेलन को लेकर तैयारियां आरंभ कर दी है। इसी क्रम में हिंदू सम्मेलन को लेकर भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय समेत हिंदू सम्मेलन समिति पदाधिकारी व क्षेत्र के लोग मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### 1 जनवरी को भारत माता की आरती का आयोजन

**बीना।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 1 जनवरी को भारत माता की आरती का आयोजन किया जाएगा। जानकारी अनुसार समस्त गौ सेवा दल के तत्वावधान में 1 जनवरी को शाम 7 बजे गांधी तिराहा पर भारत माता की भव्य आरती का आयोजन किया जाएगा। गौ सेवा दल सदस्य राजेंद्र यादव ने पावन आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

### दावरदेही में सरपंच पद के लिए मतदान संपन्न

**दिनारा।** दावरदेही जनपद पंचायत करैरा अंतर्गत ग्राम पंचायत दावरदेही में सरपंच पद के लिए मंगलवार को निर्वाचन संपन्न हुआ। निर्वाचन एसडीएम अनुराग निंगवाल के निर्देशन में निर्वाचन अधिकारी तहसीलदार कल्पना शर्मा, सहायक निर्वाचन अधिकारी नायब तहसीलदार विजय त्यागी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत सूत्रकार के निर्देशन में ग्राम पंचायत दावरदेही में तीन मतदान केंद्रों पर 82% मतदान के साथ निर्वाचन संपन्न हुआ। ग्राम पंचायत दाबरदेही में तीन मतदान केंद्र बनाए गए थे, जिनमें दो मतदान केंद्र दाबरदेही में एवं एक ग्राम अंबारी में था। 1608 मतदाता में से 1318 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। उपचुनाव हेतु दो प्रत्याशी मैदान में थे, जिनमें कलावती एवं लक्ष्मी आदिवासी थी। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत दाबरदेही में सरपंच पद के अविश्वास हो जाने के कारण सरपंच पद रिक्त था। यहां शांतिपूर्वक मतदान प्रक्रिया संपन्न कराए जाने में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस डॉ आयुष जाखड़ एवं दिनारा थाना प्रभारी रविंद्र सिंह कुशवाहा सहित पुलिस प्रशासन, जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारी का सहयोग रहा।

### किशोरी की जहरीले पदार्थ के सेवन से मौत

**अशोकनगर।** देहात थाने के अंतर्गत ग्राम सेमरखेड़ी चौकी निवासी आरती पुत्री राकेश केवट उम्र 17 वर्ष को जहरीले पदार्थ के सेवन के बाद उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया था। जहां उपचार के दौरान किशोरी की मौत हो गई। परिवारजनों को जहरीले पदार्थ के सेवन करने के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। जिसका शव परीक्षण कर परिवार जनों को सौंप दिया गया।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले की कोतवाली पुलिस ने विदिशा रोड पर हेमलता माहौर के पास से 10 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब बरामद की है। देहात पुलिस ने शंकर कॉलोनी निवासी आजाद अहिरवार के पास से 10 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब बरामद की है।

### अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की जिला बैठक संपन्न

**पिपरई।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की जिला स्तरीय बैठक संघ कार्यालय, सरस्वती स्कूल मोहरी रोड अशोकनगर में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की गतिविधियों एवं उपभोक्ताओं के अधिकारों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

## भवन निर्माण के बाद शेष कार्य अब तक अधूरे पड़े हैं

# स्टेशन पर निर्माण कार्यों में देरी पर अधिकारियों ने नाराजगी जताई





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

भारत सरकार की अमृत-2 योजना के अंतर्गत अशोकनगर स्टेशन पर रेल विभाग द्वारा एक नई इमारत तैयार किए जाने के साथ पूरे स्टेशन परिसर को नया लुक दिया जा रहा है। लेकिन इस कार्य में इमारत तो बनकर तैयार हो गई है लेकिन परिसर को नया लुक नहीं मिल पाया है। जिसके कारण संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों की काम करने धीमी चाल को लेकर अधिकारियों ने नाराजगी जताई।

इस निरीक्षण को लेकर इन अधिकारियो का दल अशोकनगर के साथ साथ गुना और रूठियाई में भी चल रहे निर्माण कार्यों को देखने आया था। इस दल में जबलपुर रेल महा प्रबंधन कार्यालय से चीफ इंजीनियर ए.के. तौमर, डीएन श्याम नागर, ए.इ.एन रजनीकांत शेखर और उपयंत्री चेतन जैन शामिल थे। इस दौरान इन अधिकारियों ने निर्माण कार्यों को देखा लेकिन अशोकनगर स्टेशन परिसर में जो निर्माण कार्य होना है वह ठीक तरीके से नहीं हो पाए हैं। यहां रेलवे ने पहले से बने कईं आवासीय क्वार्टरों को तोड़कर सर्कुलेट एरिया बनाया है ताकि यहां आसानी से लोगों को आने जाने में सुविधा हो सके। अशोकनगर पश्चिम मध्य रेलवे के प्रमुख स्टेशनों में शामिल है यह जिला मुख्यालय का स्टेशन है। इसीलिए इस मुख्यालय को अमृत 2 योजना में शामिल किया गया था।

### स्टेशन परिसर में निर्माण कार्यों में लापरवाही सामने आई

यहां जो निर्माण कार्य चल रहे हैं उनमें अधिकाशं कार्य बंद हैं, स्टेशन की इमारत का काम तो पूरा हो चुका है लेकिन बाहर का काम पूरा नहीं हुआ हैं यह सभी कार्य अलग अलग ठेकेदारों को दिए गए हैं। रेलवे में अलग अलग विभाग हैं और इन विभागों के कार्य भी अलग अलग हैं। जिनमें कॉर्डिनेशन की कमी होने के कारण यह काम नहीं हो पा रहे हैं। पूरे परिसर में कहीं भी ठीक तरीके से सड़क का निर्माण नहीं हुआ है, जो बाहर की साइड टाइल्स लगाए गए हैं वह भी घटिया क्वालिटी के हैं।

### न ध्वजा रोहण के लिए व्यवस्था हुई न मुख्य द्वार से पुराना कार्यालय हटाया गया

अशोकनगर स्टेशन के मुख्य द्वार पर ही इलेक्ट्रिक विभाग का कार्यालय बना है। इस कार्यालय को यहां से हटाने के लिए एक नए भवन का निर्माण भी हो चुका है लेकिन इस भवन को यहां से नहीं हटाया गया है। इसी प्रकार 100 फीट ऊंचे खम्बे पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का काम भी यहां लम्बे समय से बंद हैं। जो पहले पोल लगाया गया था, उस पोल को वहां से हटाकर जहां नई हाई मस्ट लाईट लगाई है उसी के पास पुरानी बिल्डिंग के सामने पोल लगाने का काम पूरा होना है जो अधूरा पड़ा है इस ओर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यदि आप वाहन पार्किंग ठेका स्थल की स्थिति देखें तो यहां भी जो पहले से वाहन पार्किंग स्थल बना था वह वर्तमान से ज्यादा अच्छा था। यहां जो पार्किंग स्थल बनाया गया है उसे देखकर लगता ही नहीं है कि यहां वाहन सुरक्षित रह पाएगें। यहां सीसी सड़क, टाईल्स जिनसे पूरे स्टेशन परिसर का सौन्दर्यकरण होना है उस ओर भी कोई ध्यान नहीं है।



### पहले भी हो चुके हैं स्टेशन पर घटिया निर्माण कार्य

यहां के नागरिको को चिंता है कि जल्दबाजी में यहां घटिया निर्माण कार्य न कर दिए जाएं। क्योंकि अशोकनगर के लिए पहले भी 11 करोड़ रूपए निर्माण कार्यों के लिए आए थे तब पुराने भवन का सौन्दर्यकरण किया गया था, ध्वज लगाया गया था, पार्क बनाया गया था, प्लेटफार्म 3 के बाहर एक फब्बारा लगाया गया था जिनका कोई अतापता नही हैं। करोड़ो रूपए निर्माण कार्यों पर व्यय हो गए लेकिन आज तक कोई जांच नहीं हुई। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पहले ही माफियाओं के खिलाफ कडी कार्यवाही का संकेत दे चुके हैं। ऐसी स्थिति में निर्माण कार्यों में घोटाला करने वाले माफियाओं पर भी कार्यवाही होना चाहिए ताकि जिन निर्माण कार्यों से आम जनता को सुविधाएं मिलना हैं। वह कैसे मिल पाएंगीं।

### अशोकनगर स्टेशन शहर के लोगों के लिए सबसे बड़ा प्लेस

ज्ञात हो कि अशोकनगर रेलवे स्टेशन एक ऐसा प्लेस हैं जहां पूरे शहर के लोग प्रतिदिन निर्माण कार्यों का जायजा लेने के लिए पहुंचते हैं क्योंकि अशोकनगर स्टेशन शहर के बिल्कुल बीचों बीच है इसलिए हर निर्माण कार्य पर यहां के लोगों की नजर रहती है। ऐसी स्थिति में अशोकनगर स्टेशन यहां के लोगों के लिए मुंबई की चैपाटी है जो स्टेशन पर हर रोज शाम को और सुबह घूमने के लिए लोग पहुंचते हैं और निर्माण कार्यों पर सवाल भी उठाते हैं लेकिन अशोकनगर स्टेशन पर कोई जिम्मेदार अधिकारी इन सवालों का जबाव देने के लिए नहीं होता जिससे वह अपनी शिकायत दर्ज नहीं करा पाते हैं। यहां निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने आए अधिकारियों ने कहा कि जो सर्कुलेट एरिया का मानचित्र बनाया गया है और उसमें सुविधाएं दिखाईं गई हैं।

# पैसे के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट



**अशोकनगर।** देहात थाने के अंतर्गत स्थानीय बौद्ध कॉलोनी निवासी सुरेन्द्र पुत्र लक्ष्मण अहिरवार उम्र 27 वर्ष, प्रियंका पत्नी सुरेन्द्र उम्र 25 वर्ष तथा वर्षा पति विनोद उम्र 32 वर्ष और विनोद पुत्र बलराम अहिरवार को घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया। जहां सुरेन्द्र अहिरवार ने बताया कि विनोद अहिरवार को उसने 19 हजार रूपए उधार दिए थे, पैसे मांगने पर कहा सुनी हो गई और विनोद अहिरवार ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मुझ पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। बचाने आई पत्नी के साथ भी मारपीट की गई। इसी प्रकार विनोद अहिरवार आपसी पुरानी रंजिस को लेकर अपने 5 साथियों के साथ आकर मुझसे मारपीट करने लगा जब मेरी पत्नी वर्षा मुझे बचाने आई तो उसके सिर पर लाठियों से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहां पर चारों घायलों का उपचार जारी है।

## घाटी पर पलटा ट्रैक्टर, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



बहादुरपुर थाना क्षेत्र के जसैया गांव में हनुमान मंदिर के आगे घाटी पर शनिवार शाम एक ट्रैक्टर पलट गया। इसके नीचे दबने से चालक की मौत हो गई। मृतक को पोस्टमार्टम के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरपुर लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसका पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द किया है। थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (1) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। बताया गया है कि मृतक राजकुमार पुत्र मोहर सिंह अहिरवार उम्र 32 वर्ष एवं निवासी ग्राम बरखेड़ा जमाल बीते शनिवार को बंगला चैराहा से एक ट्रैक्टर ट्रॉली में भसुआ लेकर ग्राम जसैया गया हुआ था। देर शाम परिजनों को सूचना मिली कि ट्रैक्टर पलट गया है और उसके नीचे दबने से राजकुमार गंभीर रूप से घायल है। जब परिजन मौके पर पहुंचे तो राजकुमार मृत अवस्था में मिला। परिजनों का कहना था कि मृतक किसी के यहां नौकरी नहीं करता था, पहली बार ही घर पर बगैर बताए वह ट्रैक्टर चलाने गया था और यह दुर्घटना हो गई। परिजनों द्वारा पुलिस से घटनाक्रम की निष्पक्षता से जांच करने की मांग की जा रही है। खास बात है कि घटनास्थल पर केवल ट्रैक्टर ही पलटा है, ट्रॉली सुरक्षित रही। ट्रैक्टर ऐसा पलटा कि चालक की सीट पूरी तरह से दब गई थी।

## हिंदू सम्मेलन, संत पदयात्रा निकाली

# संतों के जयघोष से गूंज गईं नगर की गलियां




**अशोकनगर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हिंदू समाज द्वारा आगामी जनवरी माह में विशाल हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के निमित्त जनजागरण हेतु रविवार को शहर की विभिन्न बस्तियों में भव्य संत पदयात्रा निकाली गई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में मठ-मंदिरों के महंत, पुजारी और धर्मावलंबी सम्मिलित हुए। शंखनाद पदयात्रा का शुभारंभ स्थानीय अंबेडकर भवन से हुआ। आयोजन से पूर्वसभा को संबोधित करते हुऐ मल्हारगढ़ के महंत रामचंद्र दास महाराज ने हिंदू सम्मेलनों की आवश्यकता और उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज की एकता ही राष्ट्र की शक्ति है और इन आयोजनों के माध्यम से सामाजिक समरसता का संदेश जन- जन तक पहुँचाना अनिवार्य है। अंबेडकर भवन के मंच पर रही पूज्य संतों की उपस्थिति पदयात्रा का नेतृत्व मुख्य रूप से महंत युवराज रामचंद्र दास महाराज(बड़ा मंदिर, मल्हारगढ़), महंत रामकृपाल दास महाराज (सिद्ध आश्रम, भादोन), महंत धर्मदास जी महाराज (माता मंदिर)ने किया। संतों ने समाज को राष्ट्रहित में संगठित होने का आह्वान किया। संतों का कई स्थानों पर पुष्प वर्षा से स्वागत हुआ बैंड-बाजे, ढोल और शंख-झालर की मंगल ध्वनि के साथ निकली यह पदयात्रा सुराणा चैराहा, प्रोसेशन रोड, पाराशर मोहल्ला, हवेली मार्ग, लंबरदार गली, विदिशा रोड, बोहरे कॉलोनी, माता मंदिर रोड, दुबे लॉज और आरोन रोड होते हुए पुनः अंबेडकर भवन पहुँची। अंबेडकर बस्ती के साथ-साथ दुर्गा बस्ती में भी औपचारिक रूप से ध्वज पूजन कर समाज को जागरूक किया गया। इस बस्ती में बाल हनुमान मंदिर से निकाली गई, पदयात्रा में महंत रामचंद्र दास शामिल हुए।

## कचनार में भगवान की शोभायात्रा निकाली, धर्मसभा भी हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय से 30 किलो मीटर दूर कचनार में रविवार को मुनि श्री दुर्लभ सागर महाराज के सानिध्य में जैन विमानोत्सव का आयोजन किया गया, इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस मौके पर फरवरी में कचनार में होने वाले पंच कल्याणक महोत्सव को लेकर पात्रों का चयन किया गया। मुनिश्री दुर्लभ सागर महाराज आरोन से विहार करते हुए कचनार पहुंचे हैं जहां उनके सानिध्य में भगवान की शोभा यात्रा का यह आयोजन किया गया। स्थानीय पाश्र्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर कचनार से भगवान की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा ग्राम के कईं मार्गों से होकर निकली। जहां भगवान की आरती उतारी गई और श्रीफल भेंट किए गए। अशोकनगर शहर से भी बडी संख्या में भी श्रद्धालुजन कचनार पहुंचे। इसके अलावा राजपुर, आरोन,सिरोंज आदि स्थानों से भी श्रद्धालुओं ने इस आयोजन में भाग लिया। यह शोभायात्रा बाद में धर्मसभा में तब्दील हो गई। जहां आचार्य श्री विद्यासागर महाराज और आचार्य समयसागर महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन जैन समाज अशोकनगर के अध्यक्ष राकेश कांसल, महामंत्री राकेश अमरौद, और अशोक टिंगू, महामंत्री मनोज भैंसरवास आदि ने किया। इस मौके पर भगवान की शांतिधारा और अभिषेक का आयोजन किया गया।

कचनार अशोकनगर जिले का प्राचीन गांव है यहां भगवान पाश्र्वनाथ स्वामी की चैमुखी आर्कषक प्रतिमा है। यहां मंदिर का नए सिरे से जीर्णोद्धार अरबिंद जैन, पदम जैन, रवि जैन और सभी कचनार निवासियों के सहयोग से किया गया है। यहां मंदिर के पंच कल्याणक होना है इस हेतु यहां पर भगवान पाश्र्वनाथ स्वामी की 7 फीट ऊंची प्रतिमा के साथ 2 अन्य प्रतिमाएं भी विराजमान होना है। इसके अलावा 8 अन्य प्रतिमाओं के भी पंच कल्याणक होना हैं जो आसपास के मंदिरों में स्थापित होंगी। इस मौके पर पंच कल्याणक हेतु अयोध्या नगरी बनाई जाएगी और पात्रों का चयन भी इस मौके पर किया गया।

# हम अपना अभिमान छोड़कर परमात्मा को पुकारते हैं तो रक्षा करते हैंः बापू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





कथा के चतुर्थ दिवस अंतरराष्ट्रीय धर्म आचार्य जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने कहा सुकदेव जी ने राजा परीक्षित जी को कथा सुनाते हुए भगवान वामन के जन्म के विषय में बताया भगवान छोटे रूप में सामने के रूप में अवतार लेकर राजा बलि की यज्ञ में पहुंचकर बली से तीन पग भूमि मांगी और उसका सर्वस्व छीन लिया।

राजा बलि ने बड़े प्रसन्नता पूर्वक संकल्प के साथ सब कुछ दे दिया भगवान ने खुश होकर राजा बलि को पाताल का राज दिया और खुद द्वारपाल बनाकर रक्षक बनकर के राजा बलि के राज्य में रहे। देवमुरारी बापू ने कहा समुद्र मंथन के समय भगवान ने देवताओं का पक्ष लिया और दैत्य लोग देखते रह गए भगवान समदर्सी हैं लेकिन भक्तों और अभक्त के अनुसार भगवान पक्षपात भी कर लेते हैं इसलिए यह कथा हमको यह सिखाती है कि हम सदैव भक्ति करें तो भगवान हमारे पक्ष में रहेंगे। गजेंद्र मोक्ष की कथा हमको यह सिखाती है कि जब हम अपना अभियान छोड़कर केवल परमात्मा को पुकारते हैं तो भगवान हमारी रक्षा अवश्य करते हैं द्रोपती की प्रहलाद की रक्षा की है इसी तरह सदैव अपने भक्त की रक्षा करते हैं। कथा में इच्छाकु वश में भगवान श्री राम के जन्म की कथा को सुनाया साथ ही यदुकुल में भगवान श्री कृष्ण देवकी के अष्टम गर्व से जन्म लेकर यशोदा के यहां पहुंचे और वहां धूमधाम से भगवान कृष्ण का जन्म उत्सव मनाया गया। श्री कृष्ण का दर्शन कर सभी भक्तों ने आरती उतारी एवं बधाइयां गाई, इस मौके पर श्रोता भाव विभोर हो गए। कथा में आरती उतारने के लिए कथा के यजमान गजानन महाराज, अमर सिंह रघुवंशी, अजय सिंह रघुवंशी मारसाब, पछार के मंडल अध्यक्ष संतू शर्मा,विपिन नामदेव,नमन नामदेव आदि से जन्मोत्सव की आरती उतारी।

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से आयोजित श्री मद् भागवत कथा का समापन

# 'रुक्मिणी जीवात्मा और भगवान श्रीकृष्ण परमात्मा का प्रतीक हैं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से आयोजित श्री मद्भागवत कथा के सप्तम दिवस में कथा व्यास साध्वी भाग्यश्री भारती ने भगवान श्री कृष्ण और रुक्मिणी जी का विवाह प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया यह विवाह कोई साधारण विवाह नहीं था। रुक्मिणी जी प्रतीक हैं जीवात्मा की और भगवान श्री कृष्ण प्रतीक हैं परमात्मा का। यह विवाह आत्मा व परमात्मा के मिलन का संकेत है। लेकिन यह मिलन कब संभव हो पाया? जब मध्य में ब्राह्मणदेव रूपी गुरु आए। क्योंकि एक गुरु ही है जो हमारे अंतः करण में उस ईश्वर का साक्षात्कार करवा कर हमारी आत्मा का मिलन उस परमात्मा के साथ करवा सकते हैं।

आगे कथा में साध्वी ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने रुकमणी की प्रार्थना सुनी और उसे पूर्ण भी किया, क्योंकि भगवान श्री कृष्ण नारी उद्धारक हैं। वह किसी नारी पर होते हुए अत्याचार को नहीं देख सकते। आज हम भगवान श्री कृष्ण के भक्त तो कहलाते हैं लेकिन उनसे प्रेरणा नहीं ले पाते। आज समाज में नारी की स्थिति देखी जाए तो अत्यंत दयनीय है। कहीं नारी का शोषण हो रहा है तो, कहीं उसका अपहरण तो कहीं वह दहेज की वेदी पर चढ़ा दी जाती है। आज आवश्यकता है नारी के प्रति समाज में जाग्रति पैदा की जाए। साध्वी ने बताया की जब श्रीगुरु आशुतोष महाराज जी ने समाज में नारी की ऐसी दयनीय दशा देखी तो संस्थान की ओर से महिलाओं के लिए एक प्रकल्प चलाया गया। संस्थान का यह प्रकल्प महिलाओं के साथ होने वाले उत्पीड़न व हिंसा के खिलाफ एक बुलंद आवाज है। इसके अंतर्गत समय-समय पर संस्थान के द्वारा अनेकों कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के लोगों को जाग्रत करने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। साथ ही साथ नारियों को ब्रह्म ज्ञान के द्वारा आंतरिक रुप से सशक्त किया जा रहा है। क्योंकि जब एक नारी भीतर से जागेगी तो स्वयं ही अपनी स्थिति को सुधार पाएगी। केवल नारी ही नहीं जाग्रति हेतु संपूर्ण समाज को ब्रह्म ज्ञान की महती आवश्यकता है।

## सांसद वानखेड़े ने स्व. राकेश सिरोठिया को दी पुष्पांजलि

# रोमांचक मैच में नौगांव को हरा 3 रन से जीता रामपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना




बस स्टैंड के सामने मैदान में आयोजित स्व. राकेश सिरोठिया क्रिकेट टूर्नामेंट बीना कप के पांचवें दिन पहले राउंड के चार व दूसरे राउंड का एक मुकाबला खेला गया। पांचवें दिन मुख्य अतिथि के रूप में सांसद लता वानखेड़े मौजूद रहीं। उन्होंने स्व.राकेश सिरोठिया के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। साथ ही टूर्नामेंट संचालक पूर्व जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया एवं पूर्व विधायक सुशीला सिरोठिया ने सांसद को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। पांचवें दिन का पहला मैच नौगांव और रामपुर के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रामपुर ने 71 रन बनाए। जवाब में दूसरी पारी ने रनों का पीछा करते हुए रोमांचक मुकाबले में 3 रन से रामपुर ने मैच जीत लिया। यशवंत ठाकुर ने 2 विकेट एवं 25 रन बनाए और मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरा मैच जबलपुर और शिवाजी इलेवन के बीच हुआ। जिसमें जबलपुर की टीम विजय रही। विक्की मैन ऑफ द मैच रहे।

तीसरा मैच नरसिंह इलेवन बीना और गिरोल के बीच हुआ। नरसिंह इलेवन ने यह मैच 8 विकेट से जीत लिया, अनुज राजपूत मैन ऑफ द मैच रहे। चौथा मैच केसीसी बीना और राइजिंग स्टार भोपाल के बीच हुआ। केसीसी बीना ने मैच 7 विकेट से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच फरान रहे। पांचवा मैच दूसरे राउंड का पांचवा मैच जबलपुर और केसीसी बीना के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जबलपुर ने 103 रन बनाए। जवाब में रनों का पीछा करते हुए केसीसी के बल्लेबाजों ने 9 ओवर में ही 4 विकेट से मैच जीत लिया। रोमांचक मुकाबले में उबैद ने 35 रन बनाए व 3 विकेट लिए जो मैन ऑफ द मैच चुने गए।

टूर्नामेंट में अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी अध्यक्ष रविंद्र जैन, अशोक मिश्रा, अनिल शर्मा, देवेंद्र राजपूत, अरविंद जैन, सुरेंद्र सोनी एवं भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संजय ठाकुर, भानगढ़ मंडल अध्यक्ष पवन यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष भानगढ़ मुकेश पटेल, जगपाल सरपंच, चंद्रभान अहिरवार, संतोष सिंह ठाकुर आदि ने टूर्नामेंट में शामिल होकर स्व.राकेश सिरोठिया के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। मैचों में अंपायर महेंद्र यादव, राजेश मिश्रा, सहाब सिंह राजपूत, विविध मिश्रा, सलमान लाला पडरिया रहे। मैच में कामेंटर अकरम अली, निक्की नलबंशी, किम्मी यादव एवं स्कोरर शुभम कश्यप, रोहित, नीतेश, राघव रिटोरिया रहे।